नईदुनिया

# Bilaspur Crime News: स्विफ्ट कार में नशीली दवाओं का जखीरा पकड़ाया, दो आरोपित भी गिरफ्तार

Publish Date: | Sat, 10 Jul 2021 08:53 PM (IST)




Bilaspur Crime News: मस्तूरी क्षेत्र के बकरकुदा में दो लाख से अधिक की नशीली दवा जब्त।

**बिलासपुर (नईदुनिया प्रतिनिधि)।Bilaspur Crime News:** मस्तूरी पुलिस ने स्विफ्ट कार सवार दो युवकों को बड़ी मात्रा में नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार किया है। उनके पास से 6009 नाइट्रा टेबलेट व 100 बोतल कोडिनयुक्त ओनरेक्स सिरप बरामद किया है। आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। मस्तूरी पुलिस हादसों की रोकथाम के लिए ग्रामीण क्षेत्र में नेशनल हाईवे में जांच कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 10 एएस 3041 में नशीली दवाओं की सप्लाई की जा रही है। कार मल्हार क्षेत्र से मस्तूरी तरफ आ रही है। खबर मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी की।

पुलिस ने जोंधरा चौक के पास कार को रोक लिया और उसकी तलाशी ली। तब उसमें अलग-अलग दो कार्टून मिले, जिसमें प्रतिबंधित कफ सिरप ओनरेक्स के साथ ही नाइट्रा टेबलेट का जखीरा मिला। पूछताछ में पता चला कि दुर्गेश कुमार मनहर पिता तोषेन्द्र मनहर (23) जरहाभाठा मिनी बस्ती का रहने वाला है। दूसरा युवक गुलशन रात्रे पिता लक्ष्यकुमार रात्रे (21) मल्हार क्षेत्र के बकरकुदा निवासी है। दवाओं को जब्त कर पुलिस उन्हें पकड़कर थाने ले आई। जब्त दवाओं की कीमत ढाई लाख रुपये बताई गई है। पूछताछ के बाद पुलिस ने उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

**कटनी से होती है सप्लाई**

पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि नशीली दवाओं की सप्लाई मध्य प्रदेश के कटनी से होती है। तस्कर ट्रेन या फिर सड़क मार्ग से दवाइयों को बिलासपुर लेकर आते हैं। यहां पुलिस के डर से तस्करों ने नशीली दवाओं को छिपाने के लिए बकरकुदा में गुलशन के घर को अपना ठिकाना बनाया था। यहां से शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे तस्करों को इसकी सप्लाई की जाती है। पुलिस नशीली दवाओं की तस्करी से जुड़े गिरोह व अन्य आरोपितों की जानकारी भी जुटा रही है।

**कार देकर नशीली दवा लेने भेजा था मुख्य तस्कर**

दोनों आरोपितों ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि जरहाभाठा मिनी बस्ती निवासी अक्षय कुर्रे पिता छन्नूलाल कुर्रे उन्हें अपनी कार देकर नशीली दवाइयां लेने मस्तूरी क्षेत्र भेजा था। अक्षय ने ही चार माह पहले कटनी तरफ से नशीली दवाओं को लाकर बकरकुदा में गुलशन के घर में छिपाकर रखा था। जरूरत के मुताबिक गुलशन के घर से नशीली दवाओं की सप्लाई होती थी। पुलिस इस मामले में अक्षय कुर्रे के साथ ही जब्त कार व उसके मालिक की जानकारी जुटा रही है।

Source: https://www.naidunia.com/chhattisgarh/bilaspur-bilaspur-crime-news-drugs-caught-in-swift-car-two-accused-also-arrested-6965726